INDIAN SCHOOL AL WADI AL KABIR

Class: VI Hindi 3rd Lang.	Department: Hindi	Date of submission:
Worksheet No: 8	Topic: अनुच्छेद लेखन	Note: Pls. write in your Hindi note book

अनुच्छेद - मेरा मित्र

मेरे बहुत से अच्छे मित्र हैं लेकिन सबसे अच्छा मित्र अमित है। अमित मेरे घर के पास ही रहता है। वह बहुत ही होनहार एवं ईमानदार है। हम दोनों एक ही कक्षा में पढ़ते हैं। वह बहुत होशियार है वह हर बार कक्षा में प्रथम आता है और पढ़ने में मेरी मदद भी करता है | अमित इतना अच्छा लड़का है कि हमारे विद्यालय के अध्यापक भी उसकी बहुत तारीफ करते हैं। मेरे मित्र स्वभाव का बहुत ही अच्छा है। वह सदा बड़ों का आदर करता है। उसकी सबसे अच्छी आदत यह है कि वह शाम को जल्दी सोता है और सुबह जल्दी उठकर हम दोनों साथ में सैर करने जाते हैं। अमित के पिताजी एक डॉक्टर है और अमित भी बड़ा होकर डॉक्टर ही बनना चाहता है। जब भी मैं किसी मुसीबत में होता हूँ तो वह सदा मेरे साथ खड़ा होता है और मेरा साथ निभाता है। जब भी मैं निराश होता हूँ तो वह मुझे हौसला देता है और कभी न हारने की सलाह देता है। मुझे गर्व है कि मुझे अमित जैसा मित्र मिला। मैं चाहता हूँ मेरा मित्र सदा जीवन में खुश रहे |

....